बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

02 मार्च, 2022

[सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी].

Total Short Notice Question- 6

धरोहर की मरम्मत

*9 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **पर्यटन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला का राजनगर स्थित ऐतिहासिक किला खंडहर में तब्दील हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इस परिसर में बने राजमहल, विभिन्न मंदिर तथा किला दूर से ही पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि किला परिसर में बने नौलखा महल, हाथी महल, कामाख्या मंदिर, गिरजा मंदिर स्फटिक से निर्मित भव्य काली मंदिर एवं अन्य धरोहर खंडहर में तब्दील हो गए हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटन की दृष्टि से उक्त किला के साथ अन्य धरोहरों के खंडहर स्वरूप की मरम्मती कराकर उन्हें जीवंत बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

घाट का निर्माण

*10 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नवगछिया नगर परिषदीय क्षेत्र में शहर के मध्य अवस्थित ऐतिहासिक खरनई नदी (Kharnai River) में वर्ष पर्यन्त जल संचयन होने से शहरवासियों के हितार्थ जल स्तर सही रहता है जिसकी लंबाई लगभग डेढ़ km है;

(ख) क्या यह सही है कि इस नदी को पर्यावरणीय दृष्टिकोण से साफ-सुथरा और स्वच्छ रखने हेतु सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की पहल नहीं किये जाने से नदी में शहर की सारी गंदगी समाहित होती रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस पौराणिक खरनई नदी के सौंदर्यीकरण, इसमें सीढ़ी घाट का निर्माण तथा इसे जीवन्त बनाने हेतु कोई कारगर कदम उठाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

उम्र एवं फीस में छूट

*11 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **सामान्य प्रशासन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि वर्ष- 2019 में भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए सरकारी सेवा में 10% आरक्षण का प्रावधान किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना आदि राज्यों में वहां की राज्य सरकारों द्वारा उक्त प्रावधान के तहत 5 साल की उम्र की सीमा तथा फीस में छूट दी गई है;

(ग) क्या यह सही है कि बिहार में इस तरह की कोई छूट नहीं दी गई है जबकि यहां सर्वाधिक बेरोजगारी, गरीबी का दंश आर्थिक रूप से कमजोर लोग झेलते हैं;

(घ) क्या यह सही है कि बिहार में ग्रामीण पृष्ठभूमि की वजह से बच्चे देर से पढ़ाई शुरू करते हैं जिस कारण उम्र अधिक हो जाती है, विगत तीन साल से देश के कई हिस्से में कोरोना की वजह से बड़ी संख्या में लोगों को नौकरियों से हाथ धोना पड़ा है, कई अन्य राज्य सरकार त्रिपुरा, उत्तराखंड और मेघालय में तीन साल की उम्र तक छूट का प्रावधान किया गया है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस संबंध में EWS के तहत अपने राज्य के लोगों के लिए उम्र एवं फीस में छूट का प्रावधान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

नापी दर में एकरूपता

*12 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **राजस्व एवं भूमि सुधार** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के किसानों एवं रैयतों को एक ही मौजा में भूखंड को मापने के लिए अलग-अलग दर देना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार जमीन नापी के लिए रैयतों से एक दिन का वेतन लेती है;

(ग) क्या यह सही है कि जमीन नापी दर में एकरूपता नहीं होने से रैयतों को परेशानी हो रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमीन नापी दर में एकरूपता लाने पर विचार करेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

सड़क का निर्माण

*13 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के कंकड़बाग, R.M.S. Colony होते हुए New Bypass, जगनपुरा चौक तक जाने वाली 80 फीट सड़क 30 फीट में तब्दील होकर जर्जर हो गई है;

(ख) क्या यह सही है कि यह एक महत्वपूर्ण सड़क है जो कंकड़बाग कॉलोनी को जोड़ती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'क' में वर्णित सड़क का चौड़ीकरण करते हुए उसका निर्माण कब तक कराना चाहती है?

अतिक्रमण से मुक्त

***14** **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **नगर विकास एवं आवास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर नगर परिषद् स्थित प्रधान डाकघर के बगल से निरीक्षण भवन तक जाने वाली सड़क एवं पश्चिमबारी पोखर से ब्लॉक रोड खैरवा दर्प जाने वाली सड़क के अतिक्रमण होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त दानों सड़कों पर से अतिक्रमण हटाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?